Higher Secondary Examination2023

Hindi MaximumScore:80

सूचना:1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।
5×1=5

1. मातृभूमि के रचयिता कौन है ?
(मैथिलीशरण गुप्त ,डां. जे .बाबू ,कुंवर नारायण)
2. सुरीनाम में पहला दिन किस विधा की रचना है?
(कविता ,कहानी ,सफरनामा)
3. राजवंती किस कहानी का पात्र है?
(बेटी के नाम , मुरकी उर्फ बुलाकी, ज़मीन एक स्लेट का नाम)
4. बादशाह को किसने पढ़कर सुनाया?
(बेटा, बेटी ,पत्नी)
5 . मेरे लाल पद में कौन सा भाव है ?
(श्रृंगार, घृणा , वात्सल्य)

[ ] सूचना : 6 से 9 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए। 2×2=4

6. "कुछ ऐसी दवा दे दे जिससे ये 5-6घंटे जीवित रह सकें" - यह वाक्य किसने किससे कहा ?
7. मातृभूमि के दो मुकुट क्या -क्या हैं?
8. "सच कहती हो दिल्ली वाले मुझको रोते होंगे"- बादशाह ने ऐसा क्यों कहा?
9. पारामारिबो शहर लेखक को सुरीनामी नहीं भारतीय शहर जैसा लगा क्यों ?

सूचना: 10 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखिए। 4×3=12

10. जीवन वृत्त पढ़े और अमृता प्रीतम के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

11. निम्नलिखित एक कथन पढ़ें और बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

"तुमने अपने कैदी बाप को खत भेजा खत क्या भेजा मेरी जान आंसूनामा था "
" सच कहती हो दिल्ली वाले मुझको रोते होंगे ओके यह नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूं।

12. हाइकु का आशय लिखें

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढ़ापा ।

13. तेरा गम मेरा गम
तेरी जान मेरी जान
ऐसा अपना प्यार ।।
इसके आधार पर सच्ची मित्रता के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें।

14. आस्वादन टिप्पणी लिखें।

मैंने उसके चेहरे से उसे
कभी नहीं पहचाना ,

केवल उस नंबर से जाना
जो उसके लाल कमीज पर टंगा होता ।

15: सही मिलान करें । 8×1=8

Acceleration	अनुपात
Copyright	विषाणु
Certificate	ऊर्जा
Ratio	बट्टा
Virus	प्रमाण पत्र
Atom	त्वरण
Energy	सर्वाधिकार
Discount	परमाणु

सूचना: खंड पढ़े और 16 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते आ रहे हैं और जिससे हम आज भी दोहराएंगे उसे पूरा कर सकें ।भारत की सेवा का अर्थ है लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना ।इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना। बीमारी और असफलता को मिटाना। हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आंख से आंसू मिट जाए ।

16. महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या थी? 1 1 17.खंड का संक्षेपण करें । 6

सूचना:18से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'हे फूल ,तूअन्न है इस छोटी बहन के लिए
इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है !
तुझे चढ़ा कर भला अब
क्या पाऊं मैं.....!

खाली हाथ ,
आगे बढ़ जाता हूं मैं
"मेरे हाथ से ,मेरे हाथ से"
का दीन स्वर धीमा होता जाता है.....।

18. धीमा का समानार्थी शब्द लिखिए? 1
(धीरे ,जल्दी ,भला)
19. कवि खाली हाथ क्यों आगे बढ़ जाता है?2
20. कविता की आस्वादन टिप्पणी लिखें 6

सूचना :21से 24 तक के प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखें । 4×3 =12

21. पद पढ़े और भावार्थ लिखें ,

सुत मुख देखि जसोदा फूली।
हर्षित देखि दूध की दंतियां प्रेम मगन तनु की
सुधि भूली
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौं धौं सुंदर सुखदाई तनक तनक सी दूध की दंतियां देखौं नैन सुफल करो आई।।

22.अंग्रेजी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

The game of football develops in the players a fair mind, team effort and competitive spirit.It is regarded as one of the most disciplined sports in the world. Football is quiet popular in all countries.

(Develops _विकसित करना
Competitive -प्रतिस्पर्धात्मक
Discipline-अनुशासन
Fair mind- सच्चा मन)

23. शाम की गाड़ी से आनंग का पुत्र आया। वह डॉक्टर से अपने पिता के स्वास्थ्य के बारे में बात करता है। दोनों के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

24. मशकवाला स्कूटर को नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया जा रहा है। उसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें।

सूचना: 25 से 28 तक के प्रश्नों में से दो के उत्तर लिखिए। 2×8 =16

25. हमारे देश का विकास तन -तोड़ मेहनत करने वाले मजदूरों पर निर्भर है ।अपना सामान स्वयं उठाने पर यात्री ने कुली के दर्द को पहचाना। यात्री अपने मित्र को इस बारे में पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें ।

26.. बाजार में एक नया फोन आया है। उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

नई टेक्नोलॉजी।
आकर्षक रंग आओर डिजाइन।
अधिक स्टोरेज सुविधा।
कम दाम।

27." औरत की जात न जाने कैसी होती है" - मुरकी की मृत्यु से राजवंती दुखी है ।वह अपनी आत्मकथा में मुरकी के बारे में लिखती है। वह आत्मकथांश तैयार करें।

28. नशीली चीजों का उपयोग(Use of drugs) विषय पर एक आलेख तैयार करें।

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ।
उससे उत्पन्न सामाजिक समस्याएं ।
मानवीय मूल्यों का पतन।
देश के भविष्य के लिए खतरा।